INS
THE INDIAN NEWSPAPER SOCIETY
**Member**
**The Indian Newspaper Society**

**वर्ष II अंक 5**
**मार्च 2017**
**कुल प ष्ठ संख्या : 132**
**(आवरण सहित)**
**मूल्य ₹50**

**संपादक**
डॉ. संजय
**कार्यकारी संपादक**
डॉ. पवन कुमार
**सहायक संपादक**
जावेद आर सिद्दीकी
**अनुसंधान टीम**
एम टायरा
नागेन्द्र कुमार सिन्हा
के कुन्दन
नरेन्द्र कुमार
राजीव कुमार सिंह
रवि रंजन
आशुतोष महाराज
उमाकांत शुक्ला
**सलाहकार संपादक**
चेतनानंद सिंह
**ग्राफिक्स, लेजर टाइपसेटिंग एवं आवरण सज्जा**
अभ्यानन्द सिन्हा, प्रमोद झा, पंकज नारंग

बीएससी पब्लिशिंग कं. प्रा. लि. के लिए प्रकाशक और मुद्रक **मनोज कुमार** द्वारा एल.बी. इंटरप्राइजेज, जी-24, गांव-गागीपुर, दिल्ली-110096 से मुद्रित व सी-37, गणेश नगर, पांडव नगर कॉम्पलेक्स, दिल्ली-110092 से प्रकाशित
संपादक : **डॉ. संजय**

# दो शब्द.......

*कठिन मेहनत सफलता की कुंजी होती है। इसके बिना जीवन में कुछ भी बड़ा हासिल नहीं किया जा सकता। मेहनत लक्ष्य प्राप्ति का अचूक मंत्र है। दरअसल कठिन मेहनत ही वह मूल्य है जो व्यक्ति सफल होने के लिए चुकाता है। महान व्यक्ति रातों-रात ऊंचाइयों पर नहीं पहुंचते बल्कि इसके लिए वे कठिन मेहनत करते हैं और इस कठिन मेहनत में समाहित होता है समय का सार्थक उपयोग व लक्ष्य के प्रति स्पष्ट द ष्टि।*

*कड़ी मेहनत से मतलब दिन-रात काम करने या ज्यादा से ज्यादा पसीना बहाने से नहीं है। कड़ी मेहनत से तात्पर्य यह है कि कार्य को तब तक उस तरीके से किया जाए या उस दिशा में किया जाए जब तक परिणाम अपनी मर्जी मुताबिक न प्राप्त हो जाए। यदि गलत तरीके का चयन कर लिया जाए तो कितनी भी मेहनत क्यों न कर ली जाए वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हो सकते हैं।*

*प्रत्येक व्यक्ति में कुछ विशेष गुण एवं कुछ विशेष प्रतिभाएं होती हैं। व्यक्ति को सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले अपने उन गुणों की पहचान करनी चाहिए फिर ज्यादा से ज्यादा अभ्यास द्वारा उनको और निखारना चाहिए और उसके बाद एक योजनाबद्ध तरीके से सब बातों को भुलाकर अपने पूरे आत्मविश्वास, योग्यता और ज्ञान द्वारा उस कार्य को तब तक करते रहना चाहिए जब तक कि उसमें सफलता ना मिल जाए।*

*बहुत से ऐसे लोग हैं जो सफलता के लिए कठोर श्रम करते हैं पर सफलता कुछ गिने-चुने लोगों को ही मिलती है। कुछ इसे तकदीर का खेल मानते हैं। पर यदि विश्लेषणात्मक नजरिए से देखें तो पाएंगे कि सफल एवं असफल व्यक्तियों में एक मूलभूत अंतर है। यद्यपि कठोर श्रम दोनों करते हैं पर सफल व्यक्तियों के पास एक स्पष्ट द ष्टिकोण होता है। वे अंधेरे में तीर नहीं चलाते। उन्हें प्रस्तुत समस्या की समझ होती है और उनके पास निदान की एक तर्कपरक व व्यावहारिक योजना होती है।*

***प्रकाशक की पूर्वानुमति के बिना पत्रिका के किसी भी भाग का पुनःप्रकाशन नहीं किया जा सकता है।***

## इस अंक में ...

**भारत-यूएई संबंध**
*व्यावहारिक से सामरिक होते रिश्ते*
4
**सामयिक मुद्दे**
5
**मैच पॉइंट**
7
**समसामयिकी**
9
**आम बजट 2017-18**
24
**आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17**
30
प्रिवियस पेपर
**आर.बी.आई. सहायक (पीटी)**
32
प्रैक्टिस सेट
**आईबीपीएस क्लर्क (मुख्य)**
42
प्रैक्टिस सेट
**आईबीपीएस पीओ (मुख्य परीक्षा)**
59
प्रैक्टिस सेट
**सिंडिकेट बैंक पीजीडीबीएफ (मुख्य)**
91
**प्रैक्टिस सेट**
**एसएससी संयुक्त स्नातक स्तर टियर-I**
112
प्रैक्टिस सेट
**एसएससी (10+2 लेवल)**
121

**BSC Courses के लिए हमारी वेबसाइट पर संपर्क करें**
***www.bscacademy.com, www.bsccareer.com***
**आप ई-मेल कर सकते हैं :** ***bscacademy@gmail.com, bscpublication@gmail.com***
**फोन : *011-22484910, 011-22484911, 011-22484912, 011-22484913***

# अंतर्राष्ट्रीय

## समावेशी विकास सूचकांक

16 जनवरी 2017 को विश्व आर्थिक मंच द्वारा 'समावेशी व द्धि एवं विकास रिपोर्ट 2017' जारी की गई। रिपोर्ट में प्रस्तुत 'समावेशी विकास सूचकांक' में 30 विकसित एवं 79 विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को सूचीबद्ध किया गया है। यह सूचकांक 12 संकेतकों पर आधारित है। सूचकांक में जीडीपी में व द्धि के साथ ही जनसंख्या के सभी वर्गों के लिए बुनियादी सुविधाओं यानी आवास, भोजन, पेयजल, शिक्षा, कौशल, विकास, स्वास्थ्य के साथ-साथ गरिमामय जीवन जीने के लिए आजीविका के साधनों की सुपुर्दगी जैसे संकेतकों को शामिल किया गया है।

**प्रमुख तथ्य**

- इस सूचकांक में 30 विकसित अर्थव्यवस्थाओं में **नॉर्वे** शीर्ष स्थान पर है। इसके पश्चात क्रमशः लक्जमबर्ग, स्विट्जरलैंड, आइसलैंड तथा डेनमार्क का स्थान है।
- सूचकांक में 79 विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में **लिथुआनिया** शीर्ष पर है। इसके पश्चात क्रमशः अजरबैजान, हंगरी, पोलैंड तथा रोमानिया का स्थान है।
- विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में भारत को **60वां** स्थान प्राप्त हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार भारत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में शीर्ष 10 देशों में शामिल है।

## फोर्ब्स की सुपर अचीवर्स सूची

फोर्ब्स मैगजीन के 2017 की सुपर अचीवर्स सूची में 30 भारतीय मूल के उद्यमियों ने अपनी जगह बनाई है। सूची में उन लोगों को शामिल किया गया है जिनकी उम्र 30 साल से कम है। इस सूची में स्वास्थ्य, विनिर्माण, खेल व वित्त जैसे बीस उद्योग क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। सूची में कुल 600 ऐसे लोगों को शामिल किया गया है जिन्होंने पारंपरिक सोच को चुनौती दी और उद्यमियों, मनोरंजकों और शिक्षाविदों की नई पीढ़ी के नियमों को फिर से लिखा है। इस सूची में नियो लाइट के सह संस्थापक विवेक कोप्पार्थी के अलावा प्रार्थना देसाई, रोहन सूरी, वरुण शिवराम, नेहा गुप्ता, आदित्य अग्रवाल व अक्षय खन्ना जैसे भारतीय मूल के लोगों को भी शामिल किया गया है।

## वन बेल्ट वन रोड पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**चीन** वन बेल्ट वन रोड प्रोजेक्ट पर मई 2017 में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत की उच्चस्तरीय भागीदारी चाहता है। चीन इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का समर्थन हासिल करने के लिए इस सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। गौरतलब है कि वन बेल्ट वन रोड के तहत यूरोप, एशिया और अफ्रीका में चीन आपसी संपर्क स्थापित करने की पहल कर रहा है। भारत इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर सावधानी बरत रहा है क्योंकि इसमें पाक अधिकृत कश्मीर से गुजरने वाला चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर भी शामिल है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग प्रशांत महासागर और हिंद महासागर के बीच आर्थिक संपर्क स्थापित करने के लिए साल 2013 से ही '21वीं सदी का समुद्री सिल्क रोड' बनाने की बात कर रहे हैं। इस सोच के पीछे चीन की मंशा अपने समुद्री तट को दक्षिण एशिया, खाड़ी देश और अफ्रीका के पूर्वी तट से जोड़ना है। चीनी राष्ट्रपति 'सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट' का प्रस्ताव भी रख रहे हैं जिसके तहत मध्य एशिया के जरिए चीन और भूमध्य सागर के बीच संपर्क स्थापित किया जाएगा। इन्हीं दोनों परियोजनाओं को एक साथ 'वन बेल्ट वन रोड' नाम दिया गया है।

## फिनलैंड में बेसिक सैलरी

फिनलैंड ने साल 2017 के शुरू में एक देशव्यापी परीक्षण शुरू किया है और वहां 2000 आंशिक काम करने वाले और बेरोजगार लोगों को **560 यूरो** की बेसिक सैलरी दी जा रही है। इन लोगों को मासिक सैलरी पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। ये लोग यदि अतिरिक्त काम करते हैं तो भी इस सैलरी को रख सकते हैं। इससे लोगों की आय नियमित होगी क्योंकि उन्हें ये भत्ता मासिक सैलरी की तरह मिलेगा ताकि वे मासिक खर्च प्लान कर सकें।

इस परीक्षण का मकसद यह पता करना है कि क्या बेसिक आय की नीति रोजगार को बढ़ावा दे सकती है और देश के सामाजिक कल्याण सिस्टम को सक्षम बाजार के अनुकूल ढाल सकती है जिसमें अब ज्यादा जोर अस्थायी रोजगार और फ्रीलांसिंग पर है। अमेरिका, कनाडा और नीदरलैंड में पहले ही ऐसे कार्यक्रम का परीक्षण हो चुका है लेकिन फिनलैंड का कार्यक्रम पहला देशव्यापी कार्यक्रम है। भागीदारों की संख्या इतनी बड़ी है कि उससे रिसर्चरों को पर्याप्त जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

## इसरो और जाक्सा के बीच समझौता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापानी एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी। विदित हो कि 11 नवंबर 2016 को टोक्यो में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष अनुसंधान में पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देना और बाह्य अंतरिक्ष में शांतिपूर्ण गतिविधियों में एक दूसरे के सहयोग से अभियान चलाना है। इसके तहत इसरो और जाक्सा प थ्वी के अवलोकन, उपग्रह संचार और नौवहन, अंतरिक्ष विज्ञान में अनुसंधान एवं अन्वेषण तथा अंतरिक्ष प्रणालियों व अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के विकास में मिलकर कार्य करेंगे।

# शीघ्र सब्सक्राइब करें! ‘‘बैंकिंग सर्विसेज़ क्रॉनिकल’’

**कृपया इस कूपन को काटकर अपने भुगतान के साथ हमें मेल करें।**

**हाँ! मुझे मेरा ‘‘बैंकिंग सर्विसेज़ क्रॉनिकल’’ भेजें**

16.5% छूट के साथ 3 महीनों के लिए अर्थात् ₹125/- ☐ 25% छूट के साथ 6 महीनों के लिए अर्थात् ₹225/- ☐

30% छूट के साथ 1 वर्ष के लिए अर्थात् ₹420/- ☐

**नाम :**........................................................................ **आयु :**..........................

**पता :**........................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**राज्य :**........................................................ **पिन :**....................................

**मोबाइल नं. :**.................................. **ई-मेल :**..........................................

**नोट :** *यह आवश्यक है कि आप अपना मोबाइल नं. या ई-मेल (कम से कम दो में से कोई एक) हमें दें। इसके उपरांत ही सब्सक्रिप्शन के लिए आपके अनुरोध को स्वीकार किया जाएगा।*

**सब्सक्रिप्शन दर** (प्रति वर्ष 12 अंक) NEWS STAND @ ₹50/-

| **समयावधि** | **तीन माह** | **छः माह** | **एक वर्ष** |
|---|---|---|---|
| News stand | ₹150.00 | ₹300.00 | ₹600.00 |
| आपको भुगतान करना है | ₹125.00 | ₹225.00 | ₹420.00 |

मैं **“BSC Publishing Co. Pvt. Ltd.”** payable at **Delhi** के पक्ष में डिमांड/मनीऑडर नं. ..................दिनांक............राशि ₹.......... बैंक का नाम ............ संलग्न कर रहा/रही हूं।

इसे सब्सक्रिप्शन मैनेजर, **BSC PUBLISHING CO. PVT. LTD.,** सी-37, गणेश नगर, पांडव नगर कॉम्प्लेक्स, दिल्ली–110092 के पास भेजें। सब्सक्रिप्शन प्रारंभ करने के लिए क पया हमें 4-6 सप्ताह का समय दें। पत्रिका प्रतिमाह साधारण डाक से आपको भेजी जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए हमें **bscpublication@gmail.com** पर ई-मेल करें।